हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 30.2 डिग्री

4

सारंगढ़ में अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन लोडर, पांच ट्रैक्टर जब्त



## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन के लिए बनी सुरंग बंद

**बैकुंठपुर**। कोरिया जिले के दूरस्थ व वन क्षेत्र में कोयला उत्खनन के लिए अवैध सुरंगों का निर्माण की जानकारी मिलने पर पूरे अमले ने कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक वनमंडल कोरिया परिक्षेत्र, बैकुंठपुर के ग्राम दामुज, पुटा, मुरमा व देवखोल में अवैध कोयला उत्खनन के लिए सुरंग बनाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग, एसईसीएल व पुलिस की संयुक्त टीम गठन कर कार्रवाई की गई और सुरंगों को तत्काल बंद कराया गया। वन मंडलाधिकारी कोरिया श्रीमती प्रभाकर खलखो ने बताया कि विगत चार माह में 24 सुरंगों को बंद करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने ग्रामीणों व आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सुरंग बनाना पूर्णतः खतरनाक है, इससे जानमाल की नुकसान होने आशंका बनी होती है। ऐसे में इस तरह अवैध कोयला उत्खनन न करें न ही सुरंग बनाए। इस कार्रवाई में वन विभाग, एसईसीएल, पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम से मंगल साय, कमल सिंह, मानसिंह, सरदार अमोल सिंह, आदित्य कुमार, सुधाकर पुरी एवं हेड पुलिस कांस्टेबल बृजेश सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रहा।

### निर्वाचन अवधि में तीन बार कराना होगा व्यय लेखा निरीक्षण

**अम्बिकापुर**। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचन अवधि के दौरान अभ्यर्थियों के लेखा निरीक्षण संबंधी समय तय किया गया है। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अवधि में अभ्यर्थियों के तीन बार लेखा निरीक्षण दिनांक 26 अप्रैल, 1 मई एवं 5 मई को नियत किया गया है। उक्त तिथि को कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे एनेक्स कम्पोजिट बिल्डिंग कक्ष क्रमांक 18 व्यय लेखा कलेक्टोरेट परिसर में स्वयं या निर्वाचन एजेंट व्यय दैनंदनी लेखा पुस्तिका एवं किये गये व्यय से संबंधित समस्त बिल या व्हाउचर के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। उक्त तिथि को लेखा मिलान हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 एवं भारतीय दण्ड संहिता की धारा 171 झ के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में किया गया द्वितीय रेंडमाइजेशन

**अंबिकापुर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार की उपस्थिति में सोमवार को जिला कलेक्टरेट के एनआईसी कक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर सहित लोकसभा क्षेत्र 1 सरगुजा हेतु बनाए गए सभी एआरओ एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों के दल गठन की कार्यवाही पूरी की गई।

### अधिकारियों ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**अंबिकापुर**। सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार ने सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के साथ लोकसभा निर्वाचन की तैयारी के मद्देनजर पॉलिटेक्निक कॉलेज में तैयार किए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग के चेकलिस्ट के अनुरूप तैयारियों का अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री भोस्कर ने आवश्यक तैयारियों तथा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। इस दौरान स्ट्रांग रूम, मतदान दल की रवानगी एवं मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री वितरण प्राप्त करना, सीलिंग आदि कार्य किए जाने पर विस्तृत जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### तहसीलदार ने उपस्थिति रजिस्टर किया जब्त

# अस्पताल में दो दर्जन से ज्यादा कर्मचारी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

करंगाबहला निवासी ऋषिकेश बेहरा की मौत के बाद सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं की पूरी पोल खुल गई। निरीक्षण में पहुंचीं तहसीलदार उमा सिंह ने 117 स्टाफ वाले अस्पताल में दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों के अनुपस्थित मिलने के बाद उपस्थिति रजिस्टर जब्त कर ली है।

- डायलिसिस सेवा नहीं मिलने से युवक की हुई थी मौत

डायलिसिस के लिए लाए गए ऋषिकेश बेहरा को बार-बार बिजली गुल होने की वजह से सिविल अस्पताल में लगे करोड़ों रुपए के दो-दो जनरेटर, लाखों रुपए की छत पर लगी सौर ऊर्जा की प्लेट नाकाम साबित हुई और युवक की मृत्यु हो गई थी। डायलिसिस के समय इमरजेंसी में ना तो जनरेटर ही उपयोगी था,और न लाखों रुपए की सौर ऊर्जा की प्लेट उपयोगी साबित हुई थी। लाइट की इमरजेंसी सेवा अस्पताल में कई महीनो से ठप्प पड़ी है। बावजूद इसके उच्च अधिकारियों की अनदेखी के कारण करंगाबहला के युवा को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। साथ ही सिविल अस्पताल में मरीज के लिए संजीवनी का काम करने वाला ऑक्सीजन भी मौजूद नहीं था,जबकि सरकार ने कोरोनाकाल में करोड़ों रूपए खर्च कर ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना कराई थी। दूसरी ओर आज तक ऑक्सीजन प्लांट का दरवाजा नहीं खोला गया है। मृतक के परिजनों के हंगामा के बाद विधायक गोमती साय अस्पताल पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया व अस्पताल की अव्यवस्थाओं पर भडक़ उठीं। उन्होंने तत्काल अस्पताल में मौजूद बीएमओ से जनरेटर के खराबी व ऑक्सीजन के बारे में पूछताछ की तो बीएमओ द्वारा चुप्पी साध ली गई। विधायक ने तत्काल कलेक्टर से बात की व स्वास्थ्य विभाग की अवस्थाओं से अवगत कराया। साथ ही तत्काल अव्यवस्था सुधार करने के लिए कहा। लाश सड़क पर रखकर चक्का जाम करने पर मौके पर पहुंचे एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल व तहसीलदार उमा सिंह ने परिजनों को समझाईस देते हुए चक्का जाम खुलवाया। इसके बाद तहसीलदार अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार अस्पताल की उपस्थिति पंजी चेक करने पर पाया कि 117 कर्मचारियों के स्टाफ में दो दर्जन से ज्यादा कर्मचारी अनुपस्थित थे। साथ ही उपस्थिति पंजी में कई हफ्तों से साइन ही नहीं किए गए थे। बीएमओ 117 वें नंबर पर अपने साइन करते हैं,जबकि ऊपर में अनुपस्थित कर्मचारियों के सामने लाल पेन से टीक भी नहीं करते। इस पर अस्पताल की अव्यवस्थाओं ⏭ शेष पेज 4 पर



अस्पताल में उपस्थित कर्मचारी।

# मानव तस्करी गैंग का फरार सरगना ग्वालियर से गिरफ्तार

**जशपुरनगर**। मानव तस्करी के फरार सरगना को पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। इस मामले के महिला आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुकी है।

प्रार्थी 65 वर्षीय ने 18 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके नाती के 02 नाबालिग बालिका एवं 01 नाबालिग बालक दिनांक 12 अप्रैल से घर से गायब थे, उक्त तीनों नाबालिग बच्चों को बीते दिवस पुलिस द्वारा सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। पुलिस जांच विवेचना में उनके निकट रिश्तेदार एक महिला द्वारा योजनाबद्ध तरीके से उक्त तीनों बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ घर में बिना किसी को बताये ले जाना पाया गया एवं दोनों बच्चियों को शादी करा दूंगी कहकर बालक सहित अपने सहेली नीलू उर्फ ठुनी उर्फ निर्मला नायक को सौंप दी थी।

- निकट रिश्तेदार ने 3 लाख रूपए में की थी सौदा

निकट रिश्तेदार ने बच्चियों की शादी कराने के लिये 3 लाख में सौदा कर ली थी जिसका एडवांश वह 20 हजार ले चुकी थी, 10 हजार रूपए खर्च हो गये एवं शेष नगदी 10 हजार रूपए नगद, स्कूटी वाहन एवं 01 नग मोबाईल को पुलिस द्वारा जप्त किया गया है। पुलिस द्वारा निकट रिश्तेदार महिला उम्र 35 साल को धारा 363, 365, 366(क), 368, 120(बी), 370 के अंतर्गत 20 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण के अन्य फरार अभियुक्त की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के निर्देषन एवं मार्गदर्शन में पुलिस टीम छतरपुर (मध्य प्रदेश) भेजा गया था, टीम की लगातार मानीटरिंग की जा रही थी। प्रकरण की आरोपिया निकट रिष्तेदार के गिरफ्तार होने की भनक लगने पर सहआरोपिया नीलू उर्फ ठुनी उर्फ निर्मला नायक एवं उसका पति कोमल अहिरवार दोनों जो कि छतरपुर (मध्य प्रदेश) के रहने वाले हैं वे अपना ठिकाना छोड़कर फरार हो गये। पुलिस टीम द्वारा सायबर सेल की मद्द से उनका ग्वालियर तक पीछा किया गया एवं मिलने पर उन्हें अभिरक्षा में लेकर वापस जशपुर आए। दोनों आरोपियों से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर वे बताये कि प्रकरण के नाबालिग बालिकाओं एवं बालक को उनके निकट रिष्तेदार के द्वारा बहला-फुसलाकर लाकर इन्हें सौंप दिया था, बालिकाओं को किसी अमीर व्यक्ति से शादी कराने पर उनका 03 लाख रू. में आपस में सौदा तय हुआ ⏭ शेष पेज 4 पर


पुलिस गिरफ्त में मानव तस्करी के आरोपी।

# बस स्टैंड, होटल, लॉज रैन बसेरा की सघन जांच

**जशपुरनगर**। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एवं व्हीव्हीआईपी व व्हीआईपी सुरक्षा व मूव्मेंट के मद्देनजर जशपुर पुलिस द्वारा पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले में रूके बाहरी व्यक्तियों एवं संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जशपुर अनिल सोनी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अनुविभागवार चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें संबंधित अनुविभाग के एसडीओपी भी सम्मिलित रहे। इस दौरान होटल, लॉज, रैन बसेरा, बस स्टैंड की चेकिंग के साथ ही सार्वजनिक स्थल भी चेक किये गए। पुलिस टीम के द्वारा विगत दिवस जिले के सभी होटलों, ढाबा एवं बस स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। होटल, लॉज संचालकों को उनके यहां ठहरने वाले लोगों से उनका आईडी प्राप्त कर उसका सही तरीके से जांच करने के साथ, लोगों का आगमन का उद्देष्य के अलावा किस कार्य से आये हैं विवरण लेने के बाद ही होटल में ठहरने के निर्देश दिये गये, उनके होटल में कोई भी आए पूर्ण विवरण लेकर एक प्रति संधारण करने हेतु कहा गया, किसी भी प्रकार की संदेह व अवैध गतिविधि परिलक्षित होती हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करने हेतु कहा गया। पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बस स्टेशन पर चेकिंग कर संदिग्ध सामान की तलाशी ली गई। चुनाव को लेकर बनाए गए अन्तर्राज्यीय नाका सहित सरहदी जिले के बार्डर पर स्थित नाकाबंदी पाईंट पर सभी वाहनों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर पुलिस के जवानों को संदिग्धों पर नजर रखने सादे कपड़ों में लगाया गया है, यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

- वीवीआईपी के आवागमन पर की जा रही सुरक्षा व्यवस्था मजबूत


हॉटल में जांच करने पहुंची पुलिस की टीम।

### वोटर टर्न आउट लक्ष्य की अधिक प्राप्ति हेतु जिला प्रशासन तत्पर

**जशपुरनगर**। आगामी लोकसभा निर्वाचन मैं अधिक से अधिक वोटर टर्न आउट के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला प्रशासन जशपुर तत्पर है। जिसके तारताम्य मे सभी बीएलओ के द्वारा घर घर जाकर मतदाता पर्ची बांटी जा रही है मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। साथी ही बीएलओ के द्वारा प्रत्येक मतदाताओं को इस बारे में सूचित किया जा रहा है की मतदाता पहचान पर्ची मतदान के लिए दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। मतदान हेतु एपिक कार्ड अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य दस्तावेज लाना आवश्यक होगा। इन मान्य दस्तावेजो में आधार कार्ड, पैन कार्ड एल, यूनिक डिसेबिलिटी आईडी यानि यूडीआईडी आईडी, सर्विस साइकिल आईडी कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक द्वारा जारी किया गया पासबुक, लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी किया गया हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन कार्ड, पासपोर्ट, मनरेगा जॉब कार्ड, केंद्र व राज्य व सार्वजनिक उपक्रम व सार्वजनिक निकायों व पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, कार्यालयीन पहचान पत्र जो एमपी व एमएलए व एमएलसी को जारी हो एवं वोट डालने के लिए वोटर लिस्ट में नाम होना अनिवार्य है।

# ईवीएम कमीशनिंग के सेक्टर पदाधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

**जशपुरनगर**। आगामी लोकसभा निर्वाचन को लेकर बैठक, निरीक्षण सहित अन्य गतिविधियां जारी है। इसी कड़ी में आज सेक्टर एवं मतदान अधिकारीयों को ईवीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया है। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों ने मतदान के पूर्व ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट व वीवीपीएट की कमीशनिंग कैसे की जाती है, इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट, डिस्पले यूनिट (वीवीपैट) की सिलिंग प्रक्रिया भी बताई। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम कमीशनिंग के एक-एक बिंदु पर प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सयुंक्त कलेक्टर आरएस लाल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी सेक्टर ऑफिसर से कहा कि निर्वाचन के लिए कमिशनिंग कार्य सबसे अहम कड़ी है। निर्वाचन कार्य के अबाधित, सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि वे अपने सेक्टर में आने वाले मतदान केंद्र के संबंध में सभी प्रकार की गतिविधियों से अवगत रहें। इधर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी ने ईवीएम कमीशनिंग के सभी बिन्दुओं पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके बाद हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से अधिकारी-कर्मचारियों ने अभ्यास भी किया। इधर जिले बहार मने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

- ट्रेनरों ने दी विस्तारपूर्वक जानकारी, बताए कंट्रोल व बैलेट यूनिट और वीवीपैट को खोलने के तरीके


प्रशिक्षण प्राप्त करते पदाधिकारी।

## प्राकृतिक आपदा में प्रभावित परिजन हेतु 12 लाख की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के तीन मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें कुनकुरी तहसील अंतर्गत ग्राम उपरकापा निवासी बालेश्वर राम का नाला के पानी में डूबने से 25 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक निकटतम वारिस मृतक के माता सुली बाई साय हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार ग्राम ढोढ़ीबहार निवासी अर्जुनराम का नाला के पानी में डूबने से 26 सितम्बर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी असरिता बाई एवं ग्राम मटासी निवासी कौशल्या बाई का चुही मिट्टी खदान से मिट्टी निकालते वक्त मिट्टी धस कर उपर में गिरने से 28 दिसम्बर 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति महिपाल राम हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## मतदान केंद्र में मोबाइल फोन प्रतिबंधित

**जशपुरनगर**। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भी मतदाता अपना मोबाइल लेकर मतदान केंद्र में नहीं ले जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि मतदान के दिन कोई भी मतदाता मोबाइल लेकर मतदान केंद्र में प्रवेश न कर सके। इसके लिए सभी पोलिंग बूथों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। मतदान केंद्र पर मोबाइल पकड़े जाने पर सुरक्षाकर्मी उसे जब्त कर सकेंगे,या वहा उपस्थित बीएलओ या मतदान कर्मी उसे बाहर ही स्विच ऑफ कर के जमा कराएंगे, जिसकी जिम्मेदारी मतदाता की भी होगी। असुविधा से बचने के लिए बेहतर है कि मतदान केंद्र पर मोबाइल लेकर न जाएं। क्योंकि मतदान केंद्र के भीतर किसी भी तरह से फोन या कैमरे के उपयोग से मतदान की गोपनीयता भंग होती है। जो स्पष्ट रूप से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 का उल्लंघन है।जिसमे अधिनियम के तहत निर्धारित सजा का भी प्रावधान है।

### बगीचा विकासखंड का मामला

## पीठासीन अधिकारियों के प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर व्याख्याता निलंबित

**जशपुरनगर**। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने मतदान दल के पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण में बगीचा विकासखंड के उमा विद्यालय कुरडेग के ब्याख्याता (एलबी) रविन्द्र कुमार जायसवाल के द्वारा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्र. - 12 जशपुर के प्रतिवेदन अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अनुपस्थित श्रेणी के वरिष्ठ नागरिक (85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग) एवं दिव्यांगजन मतदाताओं को उनके निवास स्थान पर उपस्थित होकर मतदान कराये जाने हेतु रविन्द्र कुमार जायसवाल, ब्याख्याता (एलबी) शाउमा विद्यालय कुरडेग, विख बगीचा को मतदान दल के पीठासीन अधिकारी के रूप में ड्युटी लागाई गई है। उक्त संबंध में 20 अप्रैल 2024 को स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय जशपुर में प्रातः 11:00 बजे प्रशिक्षण रखा गया था। उक्त प्रशिक्षण में श्री जायसवाल बिना पूर्व सूचना के या सक्षम अधिकारी से अवकाश स्वीकृत कराये बिना अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे। अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) बगीचा एवं तहसीलदार बगीचा के द्वारा 20 अप्रैल 2024 को 11.45 बजे श्री जयसवाल से निजी मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर तत्काल उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी इनके द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को गंभीरता से न लेते हुए उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों का अवहेलना कर घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारितापूर्वक कार्य किया गया है। उक्त कृत्य छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं 7 के सर्वथा विपरीत है। जो कि “लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28ए के तहत किसी निर्वाचन के संचालन के लिए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, और इस भाग के अधीन नियुक्त कोई अन्य अधिकारी, और किसी राज्य सरकार द्वारा तत्समय पदाभिहित कोई पुलिस अधिकारी, उस अवधि के लिए, जो ऐसे आदर्श आचार संहिता (अधिसूचना) की तारिख से ऐसे अधिकारी कर्मचारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के अधीन है। जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन हैं। श्री जायसवाल का उक्त कृत्य गम्भीर कदाचरण एवं अनियमितता के श्रेणी में आता है। अतः तत्काल कठोर कार्रवाई किया जाना आवश्यक है। रविन्द्र कुमार जायसवाल, ब्याख्याता (एलबी) शाउमा विद्यालय कुरडेग, विख बगीचा को लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28 ए तथा छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बगीचा नियत किया गया है तथा निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पत्रता होगी।

- उमा विद्यालय कुरडेग के ब्याख्याता रविन्द्र कुमार बिना सूचना के रहे अनुपस्थित

## कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

**जशपुरनगर**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की प्रत्येक गतिविधियों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। कलेक्टर ने निर्वाचन की तैयारियों के तहत सभी नोडल अधिकारियों को उन्हें सौपे गए दायित्व का निर्वाहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों में,बिजली आपूर्ति एवं पेय जल की आपूर्ति, दिव्यांग जनों के लिए व्हीलचेयर सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने संबंधी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाचन के लिए कर्मचारियो की व्यवस्था, प्रशिक्षण कार्यक्रम, निर्वाचन नामावली, ईवीएम, व्हीव्हीपेट की उपलब्धता, रूट चार्ट, मतदान सामग्री, कानून एवं व्यवस्था, वाहन, कंट्रोल रूम, स्वीप गतिविधी, वेब कास्टिंग, एमसीएमसी,मतपत्र मुद्रण, मतगणना एवं स्ट्रांग रूम के बाहर की व्यवस्था, सीसीटीवी एवं बैरिकेडिंग, विद्युत, पेय जल, चिकित्सा व्यवस्था, फायर ब्रिगेड, वीडियो ग्राफी आदि के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने एफएसटी, एसएसटी टीम को हमेशा अलर्ट रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ को मतदान दलों को मेडिकल किट समय पर उपलब्ध करने के निर्देश दिए।

- मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए


नोडल अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

## खबर संक्षेप



### एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल ने मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस

**कोरबा।** नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) ने अपना 8 वां स्थापना दिवस मनाया। बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के जिला महामंत्री एवं पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा यहां मेरा पहली बार आना हुआ है, नाम तो सुना था लेकिन यहां आकर देखा तो विशाल भवन, विशाल खेल मैदान और सभी भवनों में अत्याधुनिक सुविधाएं देखकर लगा कि यह मेरी कल्पना से भी बेहतर है। बंजर जमीन में शिक्षा का मंदिर बनाना बड़ी बात है और आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण बच्चों को कम फीस में सर्वोत्कृष्ट शिक्षा देना मानवीय सेवा का सबसे बड़ा कर्म है। उन्होंने प्रबंधन की जमकर प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर -डि 3233 सी लायन विजय अग्रवाल ने कहा कि मैं यहां कई बार आया हूं लेकिन जितने बार आया नया देखा। इसके अलावा दिग्गज लायन एमजेएफ लायन रिपुदमन केसरी (द्वितीय वाईस डि गवर्नर), लायन मोहन सिंह छाबड़ा, लायन डॉ. व्ही के अग्रवाल आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने की और कहा कि हमारा प्रयास इस विद्यालय को श्रेष्ठ से सर्वश्रेष्ठ बनाने का है और विशेषज्ञ अध्यापकों के कारण विद्यालय निरंतर आगे बढ़ रहा है और कम फीस में अच्छी शिक्षा मिल रही है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावकों का रूझान विद्यालय की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय के बगल में गुरूकुल महाविद्यालय भी खुलने जा रहा है और क्षेत्र के बच्चों को उच्च शिक्षा भी मिलने लगेगी। शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों एवं छत्तीसगढ़ी टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। क्षेत्र की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया और प्रतिभावान बच्चों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जादूगर का मैजिक शो का भी दर्शकों ने आनंद उठाया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक जायसवाल ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

### स्काउट गाइड्स द्वारा चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आमजनों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु निरंतर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं एवं स्काउट गाइड्स कैडर्स द्वारा शॉर्ट वीडियो, पोस्टर, नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद जैसे गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरबा के स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शॉर्ट वीडियो व पोस्टर के माध्यम से मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आमजनों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। साथ ही अपने घर-परिवार एवं आसपास के लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### सी-विजिल ऐप में आम नागरिक कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

---

मई के महीने से संग्रहण होगा शुरू, विभाग ने शुरू की तैयारी

# कोरबा और कटघोरा में सारी समितियों के तेंदूपत्ता की पहली बार हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में पिछले कई वर्षो से खराब क्वालिटी के तेंदूपत्तों को ठेकेदार खरीदते नहीं थे और मजबूरन विभाग को पत्तों की तुड़ाई करानी पड़ती थी लेकिन इस साल ठेकेदारों ने दोनों वनमंडल के सारे समितियों के तेंदूपत्ते की खरीदी की है। अब इस साल विभाग को तेंदूपत्ता तोड़ाई के टेंशन नहीं लेना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के तेंदूपत्ते की बेहतर क्वालिटी होने की वजह से देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचने वाले तेंदूपत्ता के ठेकेदार हर वर्ष तेंदूपत्ता को हाथों-हाथ खरीदते हैं लेकिन वहीं दूसरी ओर दोनों वनमंडल के 4 से 5 समिति जहां कमजोर क्वालिटी के तेंदूपत्ते होते थे जिसकी वजह से इस इलाके के तेंदूपत्ता को ठेकेदार ऑनलाइन नीलामी में नहीं खरीदते थे। मजबूरन पिछले कई वर्षों से कोरबा वनमंडल में उमरेली, सोहागपुर, चिकनीपाली तथा कटघोरा वनमंडल के हरदीबाजार, दीपका व आसपास क्षेत्र के कमजोर क्वालिटी के पत्तों की खरीदी नहीं होने पर विभाग द्वारा तेंदूपत्ते की तोड़ाई करानी पड़ती थी जिसके लिए विभाग को मशक्कत करनी पड़ती थी। इस वर्ष 2024 में कोरबा वनमंडल में 52 हजार 900 मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया जाना है। जिसके लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और कोरबा वनमंडल के 34 समितियों के तेंदूपत्तों को ठेकेदारों ने पहली बार पूरी खरीदी की है। जबकि इसी तरह कटघोरा वनमंडल के 44 समितियों के तेंदूपत्ते को ठेकेदारों ने खरीद लिया है।


फाइल फोटो

#### विमलता खरीदी गई है सबसे ऊंचे दर पर

कोरबा वनमंडल के 34 समिति में से 34 समिति के तेंदूपत्तों की खरीदी कर ली गई है। जिसमें से विमलता समिति को सबसे अधिक ऊंचे दर पर ठेकेदारों ने खरीदा है जिसे 10 हजार 719 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। इसी तरह गढ़ समिति को 10 हजार 389 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। लेमरु समिति को 10 हजार 309 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स राधा किशन ट्रेडिंग कंपनी द्वारा खरीदी की गई है। श्यांग समिति को 10 हजार 109 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से खरीदा गया है जिसे मेसर्स मां दुर्गा इंटरप्राइजेस द्वारा खरीदी की गई है। कटघोरा वनमंडल के 44 समिति में से 44 समिति की खरीदी हुई है। जिससे तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले आदिवासी परिवारों को इस साल अच्छी खासी कमाई होगी।

#### कोरबा वनमंडल में कौन समिति कितने में बिकी

उमरेली समिति 4179 रुपए प्रति मानक बोरा, सोहागपुर समिति 2829 रुपए, चिकनीपाली 5369 रुपए , सेंद्रीपाली/नोनबिर्रा 6979 रुपए, बेहरचुवां 7399 रुपए, रामपुर 7799 रुपए, नोनदरहा/चारमार 7599 रुपए, बड़मार/करतला 8899 रुपए, कोटमेर 8669 रुपए, पुरैना 3357 रुपए, सरगबुंदिया/भैसमा 2829 रुपए, बुंदेली 7489 रुपए, कोई 8684 रुपए, चचिया 9099 रुपए, कुदमुरा 7519 रुपए, बरपाली 7776 रुपए, कोल्गा-अ 9449 रुपए, कोल्गा-ब 9499 रुपए, पसरखेत 9299 रुपए, बताती 9199 रुपए, रजगामार 8749, कोरबा 6930 रुपए, जामबहार 7900 रुपए, बेला 8394 रुपए, ठाकुरखेता 8394 रुपए, गिरारी 8415 रुपए, लबेद 7306 रुपए, गुरमा 8294 रुपए, चुईया 7619 रुपए, अजगरबहार/सतरेंगा को 7036 रुपए प्रति मानक बोरा में खरीदा गया है।

---

# शिव सेवा फाउंडेशन ने शुरू किया प्याऊ घर


प्याऊ का शुभारंभ करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिव फाउंडेशन द्वारा मेजर ध्यान चंद चौक में निःशुल्क हसदेव अमृत जल प्याऊ एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु शुद्ध पेय जल सिंटेक्स स्थापित की। समाज सेवी टीम शिव फाउंडेशन द्वारा विगत 3 वर्ष से ग्रीष्म ऋतु पर निःशुल्क प्याऊ चलाया जा रहा है। इसके साथ ही शिव फाउंडेशन ने मेजर ध्यान चंद चौक में पानी की समस्या को देखते हुए, शुद्ध पेय जल हेतु सिंटेक्स की भी स्थापना की है। जिसका शुभारंभ निगम के नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा किया गया। इस दौरान पार्षद श्रीमती पुराई बाई कंवर सहित कमल पांडेय उपस्थित थे। कमल पांडेय के सौजन्य से रूमगरा चौक में सिंटेक्स का सौगात प्राप्त हुई। मुख्य अतिथि हितानंद अग्रवाल ने कार्य की सराहना करते हुए, शिव फाउंडेशन के माध्यम से राहगीरों को शीतल जल सदैव प्राप्त हो इसके स्वयं से लिए वाटर कूलर प्रदान करने की घोषणा की। एवम विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल ने शिव फाउंडेशन के माध्यम से अपने माता पिता की स्मृति में शव सम्मान हेतु मरचूरी प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम का मंच संचालन बजरंग बहादुर सोनी, अध्यक्षता अजय धीवर ने किया।

---

# 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग के जरिए करेंगे मतदान



बैठक लेते प्रेक्षक एवं उपस्थित कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव में जिले के 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग कराने के लिए जिले हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा की उपस्थिति में सेक्टर ऑफिसर्स एवं मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

सामान्य प्रेक्षक मीणा ने सभी सेक्टर अधिकारियों एवं मतदान दल के अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं मतदान की गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने मतदान दलों को प्रशिक्षण का लाभ उठाने की बात कही। कलेक्टर ने विभिन्न पपत्रों की उपयोगिता को समझ कर उन्हें भरने की पूरी जानकारी प्राप्त कर कुशलता पूर्वक होम वोटिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स डॉ एमएम जोशी ने बताया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। जिले में होम वोटिंग हेतु कुल 132 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 14 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है एवं 3 दल रिजर्व रखे गए है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12 घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 30 अप्रैल एवं 1 मई को होम वोटिंग कराई जाएगी।

**खास बात**

- 132 मतदाता होम वोटिंग के लिए किए गए चयनित, 30 अप्रैल व 1 मई को डालेंगे वोट

---

# अलग-अलग हादसे में दो की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकेजा-तुमान रोड पर घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम करमंदी निवासी सुनील पटेल 23 वर्ष पिता संतोष पटेल अपने परिवार के सदस्यों को छोड़ने के लिए अपने ससुराल तुमान गया हुआ था जहां से अपने बच्चों को छोड़कर वापस अपने गृहग्राम करमंदी लौट रहा था कि तिलकेजा-तुमान रोड पर पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने बाइक सवार सुनील पटेल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे सुनील पटेल को गंभीर चोट आई थी और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान सुनील पटेल की मौत हो गई है। पुलिस ने इस मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले अज्ञात बोलेरो चालक की खोजबीन करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम सलोरा निवासी गुलशन कुमार 28 वर्ष अपने एक अन्य साथी के साथ शादी समारोह में शामिल होने एनटीपीसी आया हुआ था। जहां रात लगभग 10 बजे शादी समारोह से शामिल होकर वापस दोनों अपने गृहग्राम सलोरा लौट रहे थे कि छुरी के आगे पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार एक्सयूवी कार के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार गुलशन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को मामूली चोट आई है। जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। कटघोरा थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले एक्सयूवी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**खास बात**

- कटघोरा और उरगा थाना क्षेत्र में हुई घटना

#### श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, जा रहे थे मड़वारानी दर्शन के लिए

रायगढ़ जिले में निवास करने वाला एक परिवार के आधा दर्जन लोग ऑटो में सवार होकर दर्शन के लिए सोमवार की सुबह उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मां मड़वारानी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे कि ऑटो पहाड़ की खड़ी चढ़ाई होने की वजह से ऑटो अनियंत्रित हो गई और ऑटो पलट गई जिससे ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो में सवार लगभग आधा दर्जन लोगों को मामूली चोट आयी है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची थी जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि सभी श्रद्धालु रायगढ़ जिले के रहने वाले थे जहां सभी को मामूली चोट आयी है उपचार के बाद सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।



---

# व्यय प्रेक्षक ने एफएसटी दर्री का किया आकस्मिक निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से जानकारी लेते प्रेक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा चुनाव अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने कोरबा विधानसभा अंतर्गत फ्लाइंग स्क्वायड दल के जांच पॉइंट दर्री का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एफएसटी टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने टीम द्वारा की गई अब तक की कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने जांच के दौरान सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियोग्राफी कराने के निर्देश देते हुए जांच कर नियमानुसार कार्यवाही करने कहा। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी चंद्रकांत टिकारिहा, सहायक व्यय प्रेक्षक राजीव पाण्डेय उपस्थित थे।

---

### ट्रक मालिक स्कूल बाउंड्रीवॉल के किनारे खड़ा कर रहे भारी वाहन



**कोरबा।** विकासनगर कुसमुंडा के बीकन स्कूल के गलियारे में मालिकों द्वारा भारी वाहनों को गलत तरीके से खड़ा कर रहे हैं। जिससे स्कूल के लिए परेशानियों का सबक बनता जा रहा है, जबकि कॉलोनी के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध है। उसके बावजूद भी गैर मालिकों द्वारा मनमानी की जा रही हैं। जिसे एसईसीएल के विभाग अधिकारी को भी कोई सुध नहीं है, क्योंकि यह उनके ही क्षेत्र है और तो और सीसीएल के कर्मचारियों के ही कई बच्चे यहां पढ़ने आते हैं। जिस क्षेत्र मे भारी वाहन खड़ा किया गया है उस क्षेत्र से कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों के साथ अन्य स्थानों के भी स्कूल में बच्चे पढ़ने के लिए स्कूलों में आना होता है।

---

### तैलिक विकास समिति बालको ने मनाई दानवीर भामाशाह जयंती

**कोरबा।** तैलिक विकास समिति बालको नगर द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालको में तैलिक कुलभूषण, संत शिरोमणि दानवीर भामाशाह जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह के छायाचित्र में माल्यार्पण व आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य लेखराम साहू को उनके सामाजिक दानशीलता के लिए श्रीफल व शाल भेंट कर दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। उपमहासचिव खोमलाल साहू ने समाज की एकता और अखंडता पर अपनी बात रखी। इस दौरान महासचिव डिकेश्वर साहू, उपकोषाध्यक्ष वोसंत साहू, महासचिव हिमानी साहू, कोषाध्यक्ष पूजा साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष शरद साहू, नोनीबाई साहू, कलेशराम साहू, सुदामा साहू , धरम साहू, गायेंद्र साहू,चिंताराम साहू, भूषण साहू, कविता साहू,सुचिता साहू, इंदु प्रभा साहू, पुष्पा साहू, परमेश्वरी साहू, खम्भन लाल साहू, पूर्णय साहू, साहिल, जान्हवी, सानवी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

---

सुबह से रुक-रुककर होती रही बूंदा-बांदी, चिलचिलाती धूप से तापमान पहुंच गया था 44 डिग्री सेल्सियस

# मौसम ने बदली करवट, 7 डिग्री सेल्सियस गिरा तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज गर्मी के बीच मंगलवार की सुबह आसमान में बादल छाने और रुक रुककर बारिश होने से दिन का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। एक दिन पूर्व सोमवार को दिन का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम के करवट बदलते ही तापमान 7 डिग्री सेल्सियस नीचे आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिनभर सड़कों में चहल पहल रही जो एक दिन पूर्व सूनसान रहा करती थी।

तेज गर्मी के कारण जिले का तापमान बीते एक पखवाड़े से 40 डिग्री सेल्सियस के उपर चल रहा था। 42, 43 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचने पर लोग सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलना बंद कर दिए थे और दोपहर में चौक चौराहे और सड़कों में सन्नाटा पसर जा रहा था। कभी कभार जरुर काम होने की वजह से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे थे। वहीं दफ्तरों में अनवरत काम चलता रहा। किंतु गर्मी का असर दफ्तरों में भी नजर आया। हालांकि कर्मचारियों की उपस्थिति में कोई कमी नहीं दिखी। किंतु दो राजनीतिक सभाओं के दौरान गर्मी का असर जरुर नजर आया। दूर दराज से आये लोग दुकानों के छज्जे में धूप से बचने के लिए खड़े थे। 21 अप्रैल को तापमान अधिकतम 44 डिग्री एवं न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। एकाएक आधीरात बाद मौसम ने करवट बदली हवाएं चलने के कारण सुबह आसमान में बादल छा गए थे जो दिनभर छाए रहे। इस दौरान रुक रुककर हल्की बूंदा बांदी होती रही। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं रविवार की अपेक्षा सोमवार को चौक चौराहें और सड़कों में चहल पहल बनी रही। शाम 5 बजे के बाद शहर के कुछ स्थानों में बारिश हुई। देर शाम तक तापमान और नीचे जाने की संभावनाएं बनी हुई है।


दोपहर बाद शाम को हुई बूंदाबांदी से शहर भीगा।


#### दो दिन रहेगा मौसम में बदलाव

मौसम में यह बदलाव आगामी दो दिन तक रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। देश के कुछ हिस्सों में बारिश होने का असर छग में भी दिखाई पड़ रहा है। उड़िसा राज्य की सीमा से लगे होने के कारण समुद्र से उठने होने वाली नम हवाओं के कारण मौसम में बदलाव आता है। वर्तमान में तीन दिन पूर्व ही उड़िसा में मौसम ने करवट बदली थी जिसका असर छग में भी दो दिनों तक बने रहने की संभावनाएं जताई जा रही है।

---

### निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संचालन हेतु दिया प्रशिक्षण

**कोरबा।** विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों का सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ. एमएम जोशी द्वारा दो पालियों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत संदीप मिश्रा, नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी, सेक्टर आफिसर, मास्टर ट्रेनर, पटवारी, रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें।



# अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा बन कमाए 18 करोड़ रुपए

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी ने रिलीज से पहले ही शोर मचा दिया है। अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार चर्चा से हटने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को कल्कि 2898 एडी का टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया। इसके साथ ही फिल्म और अमिताभ बच्चन 24 घंटे बाद भी खबरों में बने हुए हैं। कल्कि 2898 एडी के इस कुछ सेकंड के टीजर में अमिताभ अलग- अलग लुक दिखाए गए। इनमें उनका डी-एज्ड लुक सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रहा है। कल्कि 2898 एडी की लागत के साथ- साथ स्टार कास्ट को भी मोटी फीस दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बी ने कल्कि 2898 एडी में अपने किरदार के लिए लगभग 18 करोड़ रुपए वसूले हैं।

## लाइफ Style



# मानुषी

## बड़े मियां... के लिए खाना पड़ा नॉन वेज


एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्मों के लिए आपने एक्टर्स को अपने लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करते देखा होगा, लेकिन मानुषी छिल्लर ने तो कुछ ऐसा किया जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा। मानुषी जो हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आई हैं।

मानुषी ने बताया कि वह बचपन से वेजीटेरियन थीं और कभी नहीं सोचा कि वह नॉन वेज खाएंगी, लेकिन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने उन्हें वेजिटेरियन से नॉनवेजिटेरियन बना दिया। मानुषी ने कहा, 'मैं हमेशा से वेजिटेरियन थी। मैंने हमेशा सोचा कि मैं कभी मीट नहीं खा पाऊंगी क्योंकि मैंने कभी खाया ही नहीं। इसके बाद आई बड़े मियां छोटे मियां। मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उस वक्त मुझे कोविड हो गया था।

मैं काफी डर गई थी कि क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वजन कम हो क्योंकि मुझे इस फिल्म के लिए स्ट्रॉन्ग बनना था। मेरे पापा जो डॉक्टर हैं उन्होंने फिर मुझे मीट खाने को बोला।'मानुषी ने कहा, 'मैंने पापा से कहा कि कुछ ऐसा बनाओ जो चिकन जैसा ना लगे। वह टेबल पर बैठते थे और मुझे देखते थे। वह जबरदस्ती मुझे पूरा खाने को बोलते थे।' मानुषी ने आगे बताया कि कैसे इस ट्रांसफॉर्मेशन ने उनकी मदद भी की शूटिंग में। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म की शूटिंग जोर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन और स्कॉटलैंड में शूटिंग की और कई जगह में तो वेजिटेरियन ऑप्शन भी नहीं था तो इस वजह से मीट मेरे लिए आसान सोर्स था प्रोटीन के लिए।'

## हॉलीवुड मसाला




# सिविल वॉर ने कमाए 92 करोड़

**लॉस एंजिलिस।** 12 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई डिस्टोपियन थ्रिलर 'सिविल वॉर' ने अमेरिकन बॉक्स ऑफिस पर बवाल मचा दिया है। फिल्म ने इसके बाद रिलीज हुईं नई फिल्मों को भी कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है, जिनमें हॉरर मूवी 'एबिगेल' भी शामिल है। कर्स्टन डंस्ट स्टारर फिल्म की रफ्तार पहले हफ्ते में कुछ धीमी रही थी, लेकिन दूसरे वीकेंड में फिल्म ने गति पकड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में सिविल वॉर नम्बर वन फिल्म बन गई है।



# 'मेट गोला' 2024 में हिस्सा नहीं लेंगी प्रियंका

**लॉस एंजिलिस।** ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह कभी निक के साथ, तो कभी बेटी मालती के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, कई बार वह अपनी आने वाली फिल्मों की अपडेट भी शेयर करती हैं। फिलहाल अब उनसे जुड़ी एक खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद उनके फैंस थोड़े निराश हो सकते हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म टाइगर के प्रमोशन के दौरान बताया कि इस साल वह सबसे बड़े फैशन कार्यक्रमों में से एक मेट गाला में नहीं शामिल होने वाली हैं। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई।



# बर्फीली वादियों के बीच कराया फोटोशूट

**मुंबई।** खूबसूरत अदाकारा श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो बर्फ से ढंकी वादियों के बीच फोटोज क्लिक करवाती नजर आ रहीं हैं। श्रद्धा कपूर इन तस्वीरों में बेहद सिंपल लुक में दिखाई दे रहीं हैं। इस तस्वीर में श्रद्धा कपूर बर्फ से ढंके पहाड़ों के बीच कुछ ऐसे पोज देती हुई दिखाई दीं, जिन पर फैंस दिल हार बैठे हैं। वहीं इस दूसरी तस्वीर में श्रद्धा कपूर बैग टांगे पहाड़ों की सैर के लिए जाती हुई दिखाई दे रहीं हैं। एनिमल लवर श्रद्धा कपूर एक डॉगी के साथ कुछ ऐसे प्यार जताती हुई नजर आईं। श्रद्धा कपूर ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया - किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापस ले जाए???। श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों पर उनके लाखों फैंस - ब्यूटीफुल लोकेशन, नेचर,परफेक्ट और इन तस्वीरों से प्यार हो गया जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# आज भी मम्मी से पिट जाते हैं विक्की

**मुंबई।** बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर विक्की कौशल फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऑफस्क्रीन कटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी जितनी पसंद की जाती है, फैमिली के साथ विक्की के बॉन्ड को भी उतना ही प्यार मिलता है। हाल ही में विक्की कौशल ने भाई सनी कौशल के साथ 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शिरकत की। इस शो में दोनों भाइयों ने कॉमेडी पर ठहाके लगा कर मस्ती करने के साथ ही एक दूसरे की पोल भी खोली। इसी के साथ विक्की कौशल ने मजाक-मजाक में अपने पेरेंट्स के बारे में बात की। 'सैम बहादुर' एक्टर विक्की कौशल ने कपिल के कुछ फनी सवालों का जवाब देने के साथ ही बताया कि वह अपनी मां से बहुत मार खा चुके हैं। विक्की के इतना कहते ही सनी बताते हैं कि वह आज भी मार खाते हैं।

## टीवी मसाला





# उसने मुझे रात को 3 बजे घर बुलाया और फिर...'

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 2' फेम और झलक दिखला जा 11 की विनर मनीषा रानी आज एक जाना माना नाम हैं। मनीषा बिग बॉस के बाद काफी सुर्खियों में आ गई हैं। इस शो से उन्हें इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिली है। मनीषा रानी ने हाल ही में अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कई सारी बातें पर से पर्दा उठाया। इसी के साथ ही मनीषा ने बताया कि वो कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी हैं और वो भी बिग बॉस के नाम पर। मनीषा ने कहा, 'एक बार वो एक शख्स से मिली थी जिसने उन्हें बताया था कि वो बिग बॉस की टीम का है। 'मैं एक बार जब 4-5 दिनों के लिए अपने घर बिहार गई थी। उसी टाइम उसने मुझे फोन किया और बोला कि  तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसकी बात सुनने के बाद मैं तुरंत टिकट करा कर मुंबई आई की मेरा तो बिग बॉस होने वाला हे। एक बार जब उसने मुझे रात को तीन बजे कॉल किया और बोला कि मेरे घर आ जाओ। तो हमने उसको बोला कि हम घर तो नहीं आएंगे। इसके बाद वो मेरे पर चिल्लाने लगा। ये सब देखकर में बहुत रोई थी।'

## शादी के 3 दिन पहले ही ससुराल जाने से घबराई आरती...



**मुंबई।** गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। आरती की शादी को लेकर इस वक्त घर में खुशियों का माहौल है। हाल ही में आरती की ब्राइडल शावर पार्टी ने हर किसी का ध्यान खींचा। इस पार्टी में आरती के साथ उनकी भाभी कश्मीरा शाह और भाई कृष्णा के अलावा इंडस्ट्री के कई फेमस चेहरे भी नजर आए। इसी बीच आरती ने एक तस्वीर शेयर कर खुद के नर्वस होने की बात कही है। आरती ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक अपनी एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में मायका एक्ट्रेस नो मेकअप में नजर आ रही हैं और उनकी आंखों नम दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आरती ने कैप्शन में लिखा- 'नई शुरुआत। घबराई हुई और भावुक हूं।' इसके साथ आरती ने नजरबट्टू और हार्ट इमोजी भी शेयर की है।

# 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' का नया टीजर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन अभिनय करते नजर आएंगे। इसका निर्देशन शॉन लेवी ने किया है। वहीं, शॉन लेवी, रेनॉल्ड्स और केविन फाइगी ने फिल्म का निर्माण किया है। 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल का किरदार निभा रहे हैं। डेडपूल को लोग इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उसके डायलॉग सुनकर मजा आ जाता है। वहीं, ह्यू जैकमैन वुलवरिन की भूमिका में नजर आएंगे। फैंस इन दोनों ही सुपरहीरो को देखने के लिए बेताब है। उनके लिए 26 जुलाई तक का इंतजार करना काफी मुश्किल है। बता दें कि 'डेडपूल' का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था।




# पाक एक्ट्रेस हानिया को डेट कर रहे बादशाह

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। वहीं सिंगर इन दिनों लगातार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते काफी समय से बादशाह का नाम पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ जोड़ा जा रहा है। वह एक्ट्रेस कोई और नहीं पाकिस्तानी की मशहूर अभिनेत्री हानिया आमिर हैं। हाल ही में दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है। हानिया ने बादशाह के साथ टाइम स्पेंड करने वाले मोमेंट भी शेयर किए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिसके बादशाह उनके लिए गाना गाते और दोनों एक दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बादशाह के साथ फोटो शेयर की हैं। उन्होंने लोकेशन में दुबई और कैप्शन में लिखा, 'चंडीगढ़ से रेस्क्यू आया।' इस पोस्ट को बादशाह ने भी इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर किया है।



## काजल पुलिसवाली बनकर करेंगी एनकाउंटर

**मुंबई।** सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी लंबे समय के बाद चर्चा में आ गई हैं। वह एक बेटे को जन्म देने के बाद काम पर लौटी हैं। काजल अग्रवाल को मैटरनिटी ब्रेक के बाद पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह 'इंडियन 2' के अलावा फिल्म 'सत्यभामा' को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। काजल अग्रवाल के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह 'सत्यभामा' से धमाकेदार वापसी करेंगी।



## लेटेस्ट लुक ने मचाया तहलका



**मुंबई।** बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से की थी। इस फिल्म के बाद से कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपने हर अवतार से वह फैंस का दिल जीत लेती हैं।  हाल ही में तारा सुतारिया का लेटेस्ट लुक सामने आया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक हैरान करने वाली फोटो शेयर की है। इस फोटो में एक्ट्रेस अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। ना सिर्फ उनकी ये फोटो वायरल हो रही है, बल्कि फैंस ने उनकी तुलना सीधी चांद से कर दी है।

# शादियों में ही नहीं, मौत पर जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं बॉलीवुड स्टार्स

## अनुज साहनी ने बॉलीवुड के डार्क सीक्रेट के बारे में बात की

**मुंबई।** पूर्व बॉलीवुड अभिनेता और स्विस मिलिट्री वर्ल्डवाइड के एमडी अनुज साहनी ने मानव सुबोध के साथ मिलकर बिग स्मॉल टॉक नाओ शो में बॉलीवुड इंडस्ट्री के डार्क सीक्रेट का खुलासा किया है। उन्होंने जो बताया है उसपर यकीन करना काफी मुश्किल है। उनका कहना है कि बॉलीवुड के सितारे केवल पार्टियों, कॉन्सर्ट या शादियों में परफॉर्म करने के ही पैसे नहीं लेते, बल्कि वह अंतिम संस्कार में जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं।

बॉलीवुड सितारे जहां पहुंचे वहां मीडिया खुद ब खुद पहुंच जाती है। फैंस स्टार्स को फिल्मों के अलावा जैसे पार्टियों में, बड़े-बड़े बिजनेसमैन की शादियों में, कॉन्सर्ट आदि में भी देखते हैं। इसके साथ ही अगर कोई मर जाता है तो उनके अंतिम संस्कार या प्रेयर मीट पर भी बॉलीवुड स्टार्स पहुंचते हैं। इसे लेकर अनुज साहनी ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है सितारे इसके लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं।



### वीडियो इंटरनेट पर वायरल

इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल भी हो रहा है। जिसमें अनुज कह रहे हैं,"पता ये लगा कि एक जो बड़े स्टार्स होते हैं उनकी एक इनकम शादियों से होती है। वो शादियों में जाते हैं और डांस करते हैं। एक इनकी इनकम होती है अंतिम संस्कार और तेरहवीं में जाने पर। इस बारे में लोगों को पता ही नहीं होता।"

### शादियों में डांस का चार्ज 3 करोड़

सलमान खान, शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स को अंबानी की पार्टी में परफॉर्म करते हुए देखा जाता है। हालांकि अंबानी के प्रोग्राम में ये स्टार्स फ्री में परफॉर्म करते हैं, लेकिन पार्टियों या बड़ी शादियों में परफॉर्म करने के लिए अच्छी खासी फीस चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान इस तरह के इवेंट्स के लिए 3 करोड़ लेते हैं। दीपिका पादुकोण इवेंट्स में परफॉर्म करने के 1.5 करोड़ चार्ज करती हैं और रणवीर सिंह 1.75 करोड़ लेते हैं। रणबीर कपूर की फीस 1.5 करोड़ है और आलिया भट्ट भी इतना ही चार्ज करती हैं। वरुण धवन 1 करोड़, कटरीना कैफ 50 लाख, सिद्धार्थ मल्होत्रा 50 लाख लेते हैं। वहीं बात अगर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ की करें तो वह 3 लाख रुपये एक परफॉर्मेंस के लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### कंप्यूटर हार्डवेयर का निशुल्क प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ

**सारंगढ़।** रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 2 मई से शुरू होने वाले कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग के निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानए रायगढ़ में कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग का 45 दिवसीय प्रशिक्षण 2 मई से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिए रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवकए युवती एवं महिलाए पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 8 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं।

### एनसीईआरटी की नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी

**रायगढ़।** सीबीएसई स्कूल कक्षा 3 और 6 के लिए नई एनसीईआरटी पुस्तकों को मौजूदा पुस्तकों के साथ एकीकृत करेंगे। इस साल अभिभावकों को बच्चों के लिए दोबारा एनसीईआरटी की नई किताबें खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हाल ही में कक्षा 3 और 6 के लिए नई एनसीईआरटी किताबें शुरू करने के संबंध में सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज से स्पष्टीकरण मिलने के बाद इंदौर में सीबीएसई से संबंधित स्कूल इस वर्ष हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाएंगे। इसमें पुस्तकों के मौजूदा सेट और नई शुरू की गई एनसीईआरटी पुस्तकों दोनों का उपयोग शामिल हैए जो वर्तमान में सॉट कॉपी प्रारूप में उपलब्ध हैं। एनसीईआरटी की इन किताबों की हार्ड कॉपी मई के अंत तक बाजारों में उपलब्ध होने की संभावना है। अभिभावक इस चिंता में थे कि 1 अप्रैल से शुरू होने वाले सत्र के कारण किताबें खरीद ली थीं। उन्हें नई शुरू की गई एनसीईआरटी पुस्तकों को भी खरीदना पड़ता।

### बीपीसीएल के साथ एमओयू, ट्रांसपोर्ट नगर में लगेगा सीबीजी प्लांट

**रायगढ़।** शहर से निकल रहे ठोस अपशिष्ट के निराकरण के लिए नगर निगम अब नए फार्मूले पर काम कर रहा है। रायपुर और भिलाई की तर्ज पर यहां भी कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाया जाएगा। प्रतिदिन 100 टन तक कचरे का डिस्पोजल हो सकेगा। गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया से प्रारंभिक स्तर की बातचीत चल रही है। आबादी क्षेत्रों से रोजाना निकलने वाला सॉलिड वेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इसके निराकरण के लिए बनाए गए एसएलआरएम सेंटर भी डिस्पोजल नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए अब नगरीय निकाय दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। रायगढ़ शहर से रोज निकल रहे करीब 60 टन ठोस अपशिष्ट का निराकरण करने कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाने पर विचार किया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर में सीबीजी प्लांट लगाया जाएगा। फिलहाल शहर का ज्यादातर कचरा यहां डंप किया जा रहा है। नगर निगम और गेल इंडिया के बीच इस प्रोजेक्ट के संबंध में चर्चा चल रही है।

### बोंदामुड़ा खदान पर डोलोमाइट की हो रही थी अवैध खुदाई

# सारंगढ़ में अवैध उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई, तीन लोडर, पांच ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू ज़िला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन एवं खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में भटगांव क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरक्षण के दौरान अवैध परिवहन में सालिप्त 3 ट्रैक्टर को जप्त कर सुपुर्दगी की कार्रवाई की गई और साथ ही सरिया तहसील ग्राम पंचायत बोंदा के आश्रित ग्राम जोतपुर मे उत्खनन करते पाये जाने पर मौके पर ही उक्त तीन जेसीबी मशीनए एक पोकलेन मशीन और दो ट्रैक्टर वाहन जप्त कर आगामी कार्रवाई तक ग्राम पंचायत सरपंच कटंगपाली के सुपुर्दगी में दिया गया है।


कार्रवाई के दौरान जब्त वाहन।

अवैध उत्खनन को लेकर सारंगढ़ खनिज विभाग को लगातार सूचनाएं मिल रही थी। इसी कड़ी में खनिज अधिकारी भारद्वाज के दिशा निर्देश पर खनिज निरीक्षक दीपक पटेल और अनुराग नंद द्वारा कार्यवाही की गई है। कार्रवाई के दौरान जेसीबी, चैन मशीन और आधा दर्जन ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जो भी अवैध उत्खनन या परिवहन करते पाए गए उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार खनिज अधिकारी हीरा दास भारद्वाज को दूरभाष के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई कि बोंदामुड़ा क्षेत्र में अवैध उत्खनन जोरों पर चल रहा है। खनिज अधिकारी के निर्देश पर खनिज इंस्पेक्टर दीपक और उनके सहयोगी अनुराग नंद घटनास्थल पर पहुंचे और वहाँ देखा कि अवैध रूप से तीन जेसीबी मशीनए एक चेन मशीन और ट्रैक्टर जमीन को खोदकर छल्ली कर डोलोमाइट का अवैध खनन कर रहे थे। इन सभी गाड़ियों पर कार्रवाई की गई है।

### विधायक उमेश के प्रयास से रौशन हुआ दर्रामुड़ा, लगा ट्रांसफार्मर

**रायगढ़।** खरसिया के ग्राम दर्रामुड़ा का ट्रांसफार्मर विगत दिनों अचानक से खराब हो गया था, जिससे लाईन की सप्लाई बंद हो गई थी। लाईन नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा था। गांव के जागरूक ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर को देखा तो पता चला की ट्रांसफार्मर पूरी तरह से खराब हो गया है और नया ट्रांसफार्मर लगाने की आवश्यकता है। जिसके बाद गांव के ही जागरूक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फोन के माध्यम से खरसिया विधायक उमेश पटेल को इसकी सूचना दीए तो उन्होंने तत्काल बिजली विभाग को दर्रामुड़ा में नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। लेकिन बिजली विभाग के स्टाक में नया ट्रांसफार्मर नहीं होने के कारण बिजली विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने बाहर से नया ट्रांसफार्मर मंगवाया और शनिवार को लगभग 11.30 बजे ग्राम दर्रामुड़ा में नया ट्रांसफार्मर लगाया। जिसके बाद पुनः बिजली की सप्लाई शुरू हुई। गांव में पुनः बिजली आने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। गांव के किसानों तथा ग्रामीणों ने विधायक उमेश पटेल का धन्यवाद करते हुए आभार ज्ञापित किया है।



# दो बाइक में भिड़ंत एक की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चकधरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत लामीदरहा रेगड़ा के समीप सोमवार की सुबह करीब 10 बजे दो बाइक की आमने सामने भिंडत हो गई। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो अन्य बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका गहन इलाज चल रहा है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह लामीदरहा के समीप रेगड़ा मार्ग पर दो मोटरसाइकिल में आमने सामने से जोरदार भिंडत हो गया। इस हादसे में दो बाइक में सवार 4 लोगों में से 3 गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने तीनों घायलों को अस्पताल भेजा। वहीं सूचना मिलते ही चक्रधरनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इस हादसे में एक घायल युवक मनोहर पटेल निवासी डभरा की मौत इलाज के दौरान हो गई। वहीं दो अन्य युवक देवाशीष सिदार और लक्ष्मण पटेल बुरी तरह से घायल हो गए। जिनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि मृतक मनोहर पटेल बड़े रेगड़ा मेहमानी में आया था और उसे इलाज कराने के लिए विशाखापट्टनम जाना था। इस कारण वह अपने बड़े ससुर के साथ बाइक पर सवार हो कर रेलवे स्टेशन जा रहा था। इसी बीच सामने से तेज रफ्तार आ रहे मोटरसाइकिल ने उन्हें ठोकर मार दिया। बताया जा रहा है कि इस बाइक में देवाशीष और मनीष खलखों सवार थे।

# आगामी मतदाता जागरूकता के लिए कलेक्टर ने तैयार की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी स्वीप कार्यक्रमों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने अब तक हो चुके मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्णक जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि स्वीप गतिविधियां कितनी प्रभावी हैं, लोगों तक उसका क्या प्रभाव पड़ा है।



इस पर भी ध्यान देना होगा। हमारा अंतिम लक्ष्य मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। कलेक्टर को सभी अधिकारियों ने अभी तक हुए विभागीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु बीएलओ के माध्यम से समन्वय कर माइक्रो प्लानिंग करते हुए कौन-कौन व्यक्ति वोट नहीं डाला है। उनका डाटा निकाल कर उनको चिन्हित कर प्रेरित करने के लिए कहा। यह भी निगरानी करना है कि इससे मतदान कार्य कितना हो रहा है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से कितना प्रभाव पड़ा है, इसके बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी। इसके अलावा पलायन के लिए दूसरे राज्य या जिलों में कार्यरत लोगों को चिन्हित कर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा।

बैठक में सभी जनपद सीईओ एवं सीएमओ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में जानकारी दिए। एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन ने आगामी वृहद स्वीप कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी जिसमें आनलाइन शपथ पत्र, हस्ताक्षर अभियान एवं रिले रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने आगामी सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं उनके उचित प्रचार प्रसार के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर सीएमएचओ डा. अवधेश पाणिग्राही, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, समस्त सीईओ, सीएमओ एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### गर्मी में यात्रियों के लिए की गई पेयजल की व्यवस्था

**रायगढ़।** गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मंडल रेल प्रशासन जहां अपने सम्माननीय रेल यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशनों पर साफ एवं स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था वॉटर कूलर एवं वॉटर नल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, वहीं कुछ गैर सरकारी संगठन व समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। वर्तमान में मण्डल के 5 स्टेशनों रायगढ़, बाराद्वार, चाम्पा, शहडोल व उमरिया पर गैर सरकारी संगठन व समाज सेवी संस्थाएं निःशुल्क जल सेवा में अपना योगदान दे रही हैं।

# हाथी के हमले में जान गंवाने वाले ग्रामीण की पत्नी को पौने 6 लाख की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

हाथी के हमले से हुई मौत के मामले में मृतक की पत्नी को वन विभाग छाल के द्वारा 5 लाख 75 हजार रुपए की सहायता राशि दी गई। पिछले वर्ष सितंबर माह में जंगली हाथी के हमले से आई ग्रामीण की मौत के मामले में वन विभाग छाल द्वारा आज मृतक के परिजनों को क्षतिपूर्ति सहायता राशि 5 लाख 75 हजार रुपए का चेक दिया गया।

इस दौरान विभाग के अधिकारी एम एस मर्सकोले ने मृतक की पत्नी और लड़के को पैसे का सही उपयोग करने की सलाह दी साथ ही फर्जी और जालसाज लोगो से बचने जागरूक भी किया। आपको बता दे वन परिक्षेत्र छाल अंतर्गत हाटी परिसर में 29 सितंबर 2023 को ग्राम हाटी निवासी पवन कुमार राठिया पिता जनीराम राठिया उम्र 53 वर्ष अपने निजी भूमि में लगे धान फसल को सुरक्षा की दृष्टि से देखने हेतु खेत गया था। खेत देखकर घर वापसी के दौरान जंगली हाथी से आमना-सामना हो गया। वन्यप्राणी जंगली हाथी द्वारा अचानक से हमला कर घायल दिया। घटना की सूचना चन्द्रपाल सिंह राठिया द्वारा परिसर रक्षक हाटी को दूरभाष के माध्यम से दिया गया। उक्त घटना की सूचना मिलते परिसर रक्षक हाटीए परिक्षेत्र सहायक हाटी एवं एवं वन अमला मौके पर पहुंचकर तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद छाल लाया गया जहां उपचार के दौरान पवन राठिया की मृत्यु हो गई थी। छाल जिला रायगढ़ छग को तत्कालिक सहायक राशि 25 हजार रुपए प्रदाय किया गया। जिसके बाद सोमवार 22 अप्रैल को वन विभाग छाल के कार्यालय में क्षतिपूर्ति राशि के रूप में मृतक की पत्नी को 5 लाख 75 हजार रुपए सहायता राशि दी गई ।



# बंगुरसिया में बांस के जंगल में लगी भीषण आग

**रायगढ़।** जिले के बंगुसिया के बास जंगल में आग लगी हुई है ग्रामीणों के बार-बार सूचना देने के बाद भी वन विभाग के द्वारा अब तक आग बुझा बुझाए नहीं जा सका है। ऐसा नहीं है कि रायगढ़ जिले के केवल बंगुरसिया के जंगल में ही आग लगी हुई है बल्कि धरमजयगढ़ वन मंडल के कई क्षेत्रों में आग की घटना सामने आ चुकी है।



मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के खरसिया, घरघोड़ा, तमनार, रायगढ़ के जंगलों में आए दिन आग लगने की घटना सामने आते रहती है। रायगढ़ जिले में वन विभाग के पास संसाधनों और कर्मचारी की कमी की वजह से आग सूचना मिलने के बाद भी आग काबू नहीं पाते हैं जिसकी वजह से सालाना हजारों एकड़ जंगल जलकर खाक हो जाते हैं। ऐसे में गांव के ग्रामीण अमित गुप्ता ने बताया कि बंगुरसिया जंगल में आग लगने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दिया गया है लेकिन दो से तीन दिन गुजर गए हैं आग पर अब तक काबू नहीं पाया जा चुका है। महुआ का सीजन शुरू होने के बाद जंगल में आग लगने की घटना लगातार सामने आते रहती है। रायगढ़ सेव फॉरेस्ट समिति के अध्यक्ष नरेश शर्मा का कहना है कि गर्मी का महीना शुरू होते ही जंगलों में आग लगना शुरू हो जाता है महुआ के सीजन होने की वजह से जंगल में अधिक आग लगते हैं, एक और जिले में जंगल काम होते जा रहे हैं वहीं दूसरी ओर सालाना जंगल में आग लगने की वजह से वन्य जीवों को भी नुकसान हो रहा है और हजारों पेड़ आग जलने की वजह से बर्बाद हो जाते हैं।

### केवल एक घाट पर उत्खनन की अनुमति, रेत के लिए मारामारी

**रायगढ़।** रेत की मारामारी के कारण पूरे रायगढ़ जिले में परेशानी बढ़ गई है। अवैध खनन चारों ओर हो रहा है क्योंकि वैध रेतघाट केवल एक ही है। इसलिए रेत की कीमतें भी बढ़ गई हैं। खनिज विभाग को कितना भी कह लें अवैध खनन रोकने के लिए, लेकिन व्यवस्था ही ऐसी बन गई है कि कार्रवाई नहीं टिकती। रेत की पर्याप्त उपलब्धता के बावजूद कृत्रिम किल्लत पैदा कर दी गई है। पूर्व सरकार ने नीलामी के जरिए आवंटन की नीति लागू की जो फेल हो गई। वर्तमान सरकार तो चुनाव में व्यस्त होने के कारण इस मुद्दे से दूर है। रायगढ़ जिले में रेत की कोई कमी नहीं है। लेकिन खनिज विभाग के रिकॉर्ड में केवल एक ही रेतघाट उसरौट वैध है। केवल इसी घाट को रॉयल्टी पर्ची दी जा रही है। बाकी अवैध रेत की सप्लाई भी जोरों से चल रही है। तमनारए घरघोड़ा, लैलूंगा और धरमजयगढ़ में रेत की जरूरत होने पर कोई उसरौट से नहीं मंगवाता। वहीं के नदी से निकालकर उपयोग करता है। अब तक एक भी अन्य रेतघाट को मंजूरी नहीं दी गई है। प्रशासन ने इतने गंभीर मामले पर निगाह तक नहीं डाली है।




## पेज 1 का शेष

### अस्पताल में दो ...

का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। तहसीलदार ने तत्काल उपस्थिति पंजी को जप्त करते हुए अस्पताल की अव्यवस्थाओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने की बात कही। तहसीलदार की निरीक्षण ने अस्पताल प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी। नागरिकों ने विधायक गोमती साय से मांग की है कि सिविल अस्पताल के लिए अलग से अस्पताल अधीक्षक की नियुक्ति की जाए। कल की घटना के बाद जशपुर से सीएमएचओ विपिन ईदरवार जांच के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर कलेक्टर को प्रतिवेदन सौंपा जाएगा। निश्चित रूप से मामले पर दोषी पाए जाने वालों को बक्शा जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा पत्थलगांव अस्पताल में बिजली व ऑक्सीजन के अभाव को लेकर एक युवा के असमय काल के गाल में चले जाने के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ के मुखिया को अवगत करा दिया गया है इस मामले पर जल्द ही संज्ञान लिया जाएगा।

### मानव तस्करी गैंग...

था एवं कुछ पैसा एडवांस में देना बताये एवं उक्त बच्चों को अपने कब्जे में छतरपुर (मध्य प्रदेश) में रखना स्वीकार किए। मेमोरंडम कथनानुसार अभियुक्तों से बच्चों को ले जाने में प्रयुक्त ट्रेन टिकट, मोबाईल सेट इत्यादि जप्त किया गया है। अभियुक्तगण 1-कोमल अहिरवार उम्र 32 साल एवं 2- नीलू उर्फ ठुनी उर्फ निर्मला नायक उम्र 30 साल दोनों निवासी छतरपुर (मध्य प्रदेश) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उन्हें विधिवत 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कोमल अहिरवार वर्ष 2021 में जशपुर जिले के ही मानव तस्करी के आरोप में पूर्व में जेल जा चुका है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बगीचा श्रीमती निमिषा पाण्डेय, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक व क्राईम) भावेश समरथ, थाना प्रभारी तपकरा सुनील सिंह, प्रेमिका कुजूर, अनिल कामरे, हरिशंकर सिंह (सायबर सेल), संतु यादव, 633 मंजू यादव, शिवपूजन साय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा कहा गया है कि - "कोमल अहिरवार एवं उसकी पत्नी अत्यंत शातिर अपराधी हैं, इनका पूर्व का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है, मध्य प्रदेश पुलिस से जानकारी एकत्रित की जा रही है, मामले में और खुलासे होने की संभावनाएं हैं।

